सांवरिया थाम लेगा

तू जो नाम लेगा,
तेरा काम बनेगा,
तू गिरने लगेगा,
वो गिरने न देगा,
मुश्किल समय में तेरा,
यही साथ देगा,
सांवरिया थाम लेगा,
सांवरिया थाम लेगा।।

दुःख के समय की एक हकीकत,
कोई ना तेरी सुनेगा,
अपनों से उम्मीद करोगे,
हर कोई तुझसे कटेगा,
तेरी बाबा सुनेगा,
इसे सुनना पड़ेगा,
तू जो भी कहेगा,
वो सब कुछ सुनेगा,
कोई साथ दे या ना दे,
वो साथ देगा,
सांवरिया थाम लेगा,
साँवरिया थाम लेगा।

इनके भरोसे चलते रहना,
हर मंजिल मिल जायेगी,
आये कितने बादल गम के,
हर बदरी छंट जायेगी,
ये गुजारा भी देगा,
ये सहारा भी देगा,
डगमगाएगी नैया,
वो किनारा भी देगा,
डूबोगे जब भी ये तो,
अपना हाथ देगा,
सांवरिया थाम लेगा,
साँवरिया थाम लेगा।

जब तुझको कुछ समझ ना आए,
सीधे खाटू आ जाना,
सेठ सांवरे को तू दिल की,
सारी बात बता जाना,
वो बाबा हमारा,
हारे का सहारा,
तू श्याम शरण आ,

भर देगा भंडारा,
हर दर्द में वो तुझको,
आराम देगा,
सांवरिया थाम लेगा,
साँवरिया थाम लेगा।

तू जो नाम लेगा,
तेरा काम बनेगा,
तू गिरने लगेगा,
वो गिरने न देगा,
मुश्किल समय में तेरा,
यही साथ देगा,
सांवरिया थाम लेगा,
सांवरिया थाम लेगा........

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/24282/title/sanwariya-thaam-lega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |